गोपनीय

योगेश चन्द्र

संयुक्त सचिव

8/अर्द्व0शा0प0सं0-22(3)2014/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 29 जनवरी, 2014

प्रिय महोदय,

कृषि विभाग के अंतर्गत अपर कृषि निदेशक के पद पर चयन हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 18.01.2014 को विभागीय चयन समिति की बैठक संपन्न हुई। चयन समिति द्वारा निम्नलिखित अधिकारियों को अपर कृषि निदेशक के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है:-

1. **श्री लाल बाबू सिंह**
2. **श्री ज्ञान सिंह**
3. **श्री संतोष कुमार खरे**

(चयन वर्ष 2012-2013 में अपर कृषि निदेशक के पद पर चयन हेतु दिनांक 16.08.2012 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सम्पन्न विभागीय चयन समिति की बैठक में प्रयुक्त पात्रता सूची के क्रमांक-1 पर अवस्थित अधिकारी श्री चन्द्रमा प्रसाद श्रीवास्तव के विरूद्ध प्रचलित विभागीय जॉच के दृष्टिगत उनके संबंध में की गयी संस्तुति को पद सहित मुहरबन्द लिफाफे में रखा गया है, के सापेक्ष स्थानापन्न रूप से प्रोन्नति। उक्त स्थानापन्न प्रोन्नति आगामी चयन अथवा मुहरबन्द लिफाफे के अन्तिम निस्तारण तक जो भी पहले हो, तक के लिए ही होगी।)

2. चयन समिति द्वारा यह भी संस्तुति की गयी है कि प्रयुक्त पात्रता सूची के क्रमांक-1 पर अवस्थित अधिकारी **श्री चन्द्रमा प्रसाद श्रीवास्तव** के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही में आरोप पत्र निर्गत होने के कारण, उनके सम्बंध में की गयी संस्तुति को पद रहित मुहरबन्द लिफाफे में रखा जायेगा।

3. प्रयुक्त पात्रता सूची के क्रमांक-8 पर अवस्थित अधिकारी श्री संतोष कुमार अग्निहोत्री की 04 वर्ष से अधिक की प्रविष्टियॉ अप्राप्त होने के कारण उनके सम्बंध में विचारण आस्थगित रखते हुए चयन समिति द्वारा यह और भी संस्तुति की गयी है कि उनके सम्बंध में अप्राप्त वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियॉ शीघ्र पूर्ण करा ली जायॅ।

4. चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

5. अतः मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(योगेश चन्द्र)

श्री देबाशीष पण्डा,
प्रमुख सचिव,
कृषि विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in